Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

قُلِ اللّٰهُمَّ مٰلِكَ الْمُلْكِ تُؤْتِی الْمُلْكَ مَنْ تَشَآءُ
وَتَنْزِعُ الْمُلْكَ مِمَّنْ تَشَآءُ وَتُعِزُّ مَنْ تَشَآءُ
وَتُذِلُّ مَنْ تَشَآءُ بِيَدِكَ الْخَيْرُ ⊙

(सूरत आले-इम्रान आयत :27)

अनुवाद: तू कह दे हे मेरे अल्लाह! सलतनत के मालिक! जू जिसे चाहे शासन प्रदान करे और जिस से चाहे छीन लेता है। और तू जिसे चाहे सम्मान प्रदान करता है और जिसे चाहे अपमानित कर देता है। भलाई तेरे ही हाथ में है

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّیْ عَلٰی رَسُوْلِهِ الْکَرِیْمِ وَعَلٰی عَبْدِهِ الْمَسِیْحِ الْمَوْعُوْد

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 4

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 30

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

21 ज़िल्कअद: 1440 हिजरी कमरी 25 वफा 1397 हिजरी शमसी 25 जुलाई 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

अगर तुम चाहते हो कि तुम्हें दोनों संसार में नजात हासिल हो और लोगों के दिलों पर फ़तह पाओ तो पाकीज़गी इख़तियार करो।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

सच्ची फ़िरासत

बल्कि सच्ची फ़िरासत और सच्ची अक्ल अल्लाह तआला की तरफ़ लौटे बिना हासिल ही नहीं हो सकती। इसी लिए तो कहा गया है कि मोमिन की फ़िरासत से डरो क्योंकि वह इलाही नूर से देखता है। सही फ़िरासत और हक़ीक़ी दानिश जैसा मैंने अभी कहा कभी नसीब नहीं हो सकती जब तक तक़्वा उपलब्ध ना हो।

अगर तुम कामयाब होना चाहते हो तो अक़्ल से काम लो। फ़िक्र करो। सोचो। चिन्तन और फ़िक्र के लिए क़ुरआन करीम में बार-बार आदेश मौजूद हैं। किताब मकनून और क़ुरआन करीम में फ़िक्र करो और नेक तबीयत हो जाओ। जब तुम्हारे दिल पाक हो जाऐंगे और इधर नेक अक़्ल से काम लोगे और तक़्वा की राहों पर क़दम मारोगे। फिर इन दोनों के जोड़ से वह हालत पैदा हो जाएगी कि

رَبَّنَا مَا خَلَقْتَ هٰذَا بَاطِلًا سُبْحٰنَكَ فَقِنَا عَذَابَ النَّارِ

आले इम्रान:192) तुम्हारे दिल से निकलेगा। इस वक़्त समझ में आजाएगा कि यह मख़लूक़ व्यर्थ नहीं बल्कि वास्तविक सृष्टा की सच्चाई और होने पर दलील करती है ताकि तरह तरह के ज्ञान तथा फ़न जो धर्म को मदद देते हैं ज़ाहिर हों।

इलहाम की रोशनी

ख़ुदा तआला ने मुसलमानों को सिर्फ अक़्ल ही के तोहफा से सम्मानित नहीं फ़रमाया बल्कि इलहाम की रोशनी और नूर भी इस के साथ प्रदान फ़रमाई है। उन्हें इन राहों पर नहीं चलना चाहिए जो ख़ुशक दार्शनिक और फिलास्फर चलाना चाहते हैं। ऐसे लोगों पर भाषा की ताकत ग़ालिब होती है और रुहानी क़ुवा बहुत कमज़ोर होते हैं। देखो क़ुरआन शरीफ़ में ख़ुदा तआला अपने बंदों की तारीफ़ में

اُولِی الْاَيْدِیْ وَالْاَبْصَارِ (सा:46)

फ़रमाता है कहीं ऊलुल अलसिनता नहीं फ़रमाया इस से मालूम हुआ कि ख़ुदा तआला को वही लोग पसंद हैं जो नज़र और ज्ञान से ख़ुदा के काम और कलाम को देखते हैं और फिर इस पर अनुकरण करते हैं और ये सारी बातें नफ़्स की पवित्रता और आन्तरिक कुव्वतों की पवित्रता के हरगिज़ हासिल नहीं हो सकतीं।

दोनों संसार में नजात को प्राप्त करने का तरीका

अगर तुम चाहते हो कि तुम्हें दोनों संसार में नजात हासिल हो और लोगों के दिलों पर फ़तह पाओ तो पाकीज़गी धारण करो।

अक़्ल से काम लो और कलाम इलाही की हिदायतों पर चलो। ख़ुद अपने आप को सँवारो और दूसरों को अपने उच्च आचरण का नमूना दिखाओ। तब अलबत्ता कामयाब हो जाओगे। किसी ने किया अच्छा कहा है

सुख़न कज़ दिल बुरूँ आयेद नशीनद ला जुर्म बर दिल

अत: पहले दिल पैदा करो। अगर दिलों पर प्रभाव चाहते हो तो व्यावहारिक ताक़त पैदा करो। क्योंकि कर्म के बग़ैर ज़बानी ताक़त और इन्सानी क़ुव्वत कुछ लाभ नहीं पहुंचा सकती। ज़बान से ज़बानी बातें करने वाले तो लाखों हैं। बहुत से मौलवी और उल्मा कहला कर मिन्बरों पर चढ़ कर अपने आप को नायब रसूल और नबी का वारिस क़रार देकर उपदेश करते फिरते हैं। कहते हैं कि गर्व ना करो, बदकारियों से बचो मगर जो उन के अपने कर्म हैं और जो करतूतें वे ख़ुद करते हैं उनका अंदाज़ा इस से कर लो कि इन बातों का असर तुम्हारे दिलों पर कहाँ तक होता है।

कथनी तथा करनी में समानता

अगर इस प्रकार के लोग व्यावहारिक शक्ति भी रखते और कहने से पहले ख़ुद कहते तो कुरआन में لِمَ تَقُوْلُوْنَ مَا لَا تَفْعَلُوْنَ (सूरह अस्सफ 3)कहने की क्या ज़रूरत पड़ती? यह आयत ही बतलाती है कि दुनिया में कह कर ख़ुद ना करने वाले भी मौजूद थे और हैं और होंगे।

तुम मेरी बात सन रखो और ख़ूब याद कर लो कि अगर इन्सान की बात सच्चे दिल से ना हो और व्यावहारिक ताक़त इस में ना हो तो वह प्रभाव दायक नहीं होती। इसी से तो हमारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बड़ी सदाक़त साबित होती है। क्योंकि जो कामयाबी और दिलों पर प्रभाव उनके हिस्सा में आया उस की कोई तुलना मानव जाति के इतिहास में नहीं और ये सब इसलिए हुआ कि आप के कथन और कर्म में पूरी समानता थी।

मेरी इन बातों पर अमल करो

मेरी ये बातें इसलिए हैं कि ताकि तुम जो मेरे साथ सम्बन्ध रखते हो और इस सम्बन्ध के कारण से मेरे अंग हो गए हो, इन बातों पर अमल करो और अक़्ल और कलाम इलाही से काम लू ताकि सच्ची मार्फ़त और यक़ीन की रोशनी तुम्हारे अन्दर पैदा हो और तुम दूसरे लोगों को ज़ुल्मत से नूर की तरफ़ आने का कारण बनो। इसलिए कि आजकल एतराज़ों की बुनियाद तिब्बी और तबाबत और हैयत के मसलों पर है। लाज़िम हुआ कि इन उलूम की माहीयत और कैफ़ीयत से ज्ञान प्राप्त करें ताकि जवाब देने से पहले आरोप की हक़ीक़त तो हम पर खुल जाए।

उलूम जदीदा (नए ज्ञान) को प्राप्त करो

मैं इन मौलवियों को ग़लती पर जानता हूँ जो उलूम जदीदा की शिक्षा के विरुद्ध हैं वे दरअसल अपनी ग़लती और कमज़ोरी को छिपाने के लिए ऐसा करते हैं। उनके ज़हन में यह बात समाई हुई है कि उलूम जदीदा की तहक़ीक़ात इस्लाम से बदज़न और गुमराह कर देती है और वे ये क़रार दिए बैठे हैं कि मानो अक़्ल और साईंस इस्लाम से बिलकुल विपरीत चीज़ें हैं चूँकि ख़ुद फ़लसफ़ा की कमज़ोरियों को ज़ाहिर करने की ताक़त नहीं रखते इसलिए अपनी इस कमज़ोरी को छिपाने के लिए ये बात तराशते हैं कि उलूम जदीदा का पढ़ना ही जायज़ नहीं। उनकी रूह फ़लसफ़ा से काँपती है और नई तहक़ीक़ात के सामने सिज्दा करती है।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 2 से 3)

☆ ☆ ☆
☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-2)

अहमदिया मुस्लिम जमाअत की तारीख़ इस बात पर गवाह है कि दुनिया में जहां भी हमने मस्जिद स्थापित की हैं जो लोग इन मस्जिद में इबादत करते हैं, वे अन्य नागरिकों से हमदर्दी, मुहब्बत और ख़ुलूस में पहले से बढ़कर तरक़्क़ी करते हैं

अगर हमारी मस्जिद किसी बात पर अहमदियों को उकसाती हैं तो इंतिहापसंदी या दहशतगर्दी नहीं बल्कि सिर्फ़ मानव जाति की ख़िदमत पर और इस बात पर उकसाती हैं कि हम अपने दिल अन्य लोगों के लिए खोलें।

मस्जिद बैतुल आफ़ियत (फ़िलाडलफ़िया)का उद्घाटन आयजन के अवसर पर सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का ईमान वर्धक ख़िताब

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

18 अक्तूबर 2018 ई (दिनांक जुमेरात)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह सवा छ: बजे मस्जिद बैतुल आफ़ियत (फ़िलाडलफ़िया) में तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपने रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले गए।

सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने दुनिया के विभिन्न देशों से द्वारा FAX और ईमेल से आने वाले पत्र और रिपोर्टें मुलाहिज़ा फ़रमाएं और हिदायतों से नवाज़ा। इसी तरह हुज़ूर अनवर की विभिन्न दफ़्तरी मामलों की अदायगी में व्यस्त रहे।

फ़ैमली मुलाक़ातें

दो बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला ने मस्जिद बैतुल आफ़ियत तशरीफ़ ला कर नमाज़ ज़ुहर तथा अस्र जमा करके पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला अपने रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले गए। आज शाम फ़ैमिली मुलाक़ातों का प्रोग्राम था। छ: बजे हुज़ूर अनवर अपने दफ़्तर तशरीफ़ लाए और मुलाक़ातों का आरम्भ हुआ। आज शाम के इस सैशन में 58 फ़ैमिलीज़ और 12 लोगों ने व्यक्तिगत तौर पर मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। इस तरह आज कुल तौर पर 292 लोगों ने अपने प्यारे आ का से मुलाकात का सौभाग्य पाया। इन सभी लोगों ने हुज़ूर अनवर के साथ तस्वीर बनवाने का सौभाग्य पाया। हुज़ूर अनवर ने दया करते हुए शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राओं को क़लम प्रदान फ़रमाए और छोटी उम्र के बच्चों और बच्चियों को चॉकलेट प्रदान फ़रमाए।

आज फ़िलाडलफ़िया की जमाअत के अतिरिक्त बोस्टन, रो चिसटर, वलनगबर और लाइबेरिया की जमाअतों से आने वाली फ़ैमिलीज़ ने भी मुलाकात का सौभाग्य पाया। इन जमाअतों से आने वाले लोगों और फ़ैमिलीज़ तीन सौ मील से अधिक की दूरी पाँच से छ: घंटों में तय करके पहुंची थी।

आज मुलाक़ात करने वाली फ़ैमिलीज़ में बड़ी संख्या उन लोगों की थी जो पाकिस्तान से हिजरत करके यहां आए थे और अपनी ज़िन्दगियों में पहली बार हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला से मिल रहे थे। उनकी ख़ुशी वर्णन से बाहर थी। उन्होंने अपने प्यारे आक़ा के क़ुरब में जो कुछ लम्हे गुज़ारे वे उनकी सारी ज़िन्दगी का सरमाया थे। उनमें से प्रत्येक बरकतें समेटते हुए बाहर आया और उनकी तकलीफ़ों और परेशानियाँ राहत तथा सुकून में बदल गईं।

एक नौजवान ज़ीशान तारिक़ साहिब ने बताया कि मैं दो साल पहले पाकिस्तान से हिजरत करके फ़िलाडलफ़िया अमरीका आया था। मेरी पहले कभी भी ख़लीफ़ा वक़्त से मुलाक़ात नहीं हुई थी। मुलाक़ात से पहले एक बेताबी और घबराहट थी। जैसे ही में हुज़ूर अनवर के दफ़्तर में दाख़िल हुआ तो हुज़ूर अनवर के नूरानी चेहरा पर नज़र पड़ते ही सब बेचैनी और घबराहट दूर हो गई और मुझे एक सुकून मिल गया।

एक औरत रूबीना साहिबा जो अपने बच्चों के साथ थीं, कहने लगीं कि मेरे पास शब्द नहीं हैं कि मुलाक़ात का हाल बयान करूँ। प्यारे आक़ा को अपने सामने देखकर यूं महसूस होता था जैसे साक्षात नूर आसमान से उतर आया है। मुलाक़ात के ये मुबारक लम्हे इतनी जल्दी गुज़र गए कि दिल चाहता था कि ये लंबे हो जाएं और हम ज़्यादा वक़्त हुज़ूर के क़ुरब में गुज़ारें।

एक नौजवान दाऊद अहमद बट साहिब जो चार महीने पहले पाकिस्तान से फ़िलाडलफ़िया पहुंचे थे कहने लगे कि यह मेरी ज़िन्दगी में हुज़ूर अनवर के साथ पहली मुलाक़ात थी। पाकिस्तान में यही सोचा करता था कि शायद ज़िन्दगी में कभी ख़लीफ़ा वक़्त से मिल ना सकूँगा लेकिन आज जब मैंने हुज़ूर अनवर को देखा तो यूं लगा कि खुली आँखों से एक ख़्वाब देख रहा हूँ। हुज़ूर अनवर ने मुझे एक क़लम भी प्रदान फ़रमाया।

एक दोस्त मुहम्मद असलम साहिब जो दो साल पहले पाकिस्तान से हिजरत करके फ़िलाडलफ़िया अमरीका पहुंचे हैं अपनी फ़ैमिली के साथ हुज़ूर अनवर से मिले। कहने लगे कि अल्लाह तआला की हमद और शुक्र के लिए शब्द नहीं पाता कि इस ने हमें हमारी ज़िन्दगी में ये मुबारक दिन दिखाया और हमें हुज़ूर का दीदार और क़ुरब नसीब हुआ।

एक चौबीस साला नौजवान की आँखों में आँसू आ गए और इस से बात नहीं हो रही थी। कहने लगा कि मेरे पास शब्द नहीं कि मैं बयान कर सकूं कि मैंने आज क्या पाया। मेरा एक ख़्वाब था जो आज अल्लाह तआला ने अपने विशेष रूप से अल्लाह के फ़ज़ल से पूरा कर दिया।

उम्र शरीफ़ साहिब एक अफ़्रीकन अमरीकन अहमदी हैं। महोदय चार साल पहले सुन्नी मकतबा फ़िक्र से अहमदियत में दाख़िल हुए थे। कहने लगे कि हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात को शब्द में ढाला नहीं जा सकता। हुज़ूर अनवर से मिलकर यूं एहसास होता था कि जैसे हुज़ूर अनवर एक दयालू बाप की तरह अपने रुहानी बच्चों से मिल रहे हैं। मुलाक़ात से पहले एक घबराहट थी लेकिन जैसे ही हम हुज़ूर अनवर के दफ़्तर में दाख़िल हुए और हुज़ूर अनवर के चेहरा मुबारक पर नज़र पड़ी तो सारी घबराहट और बेचैनी दूर हो गई।

एक दोस्त नमीर भट्टी साहिब कहने लगे कि आज मेरी फ़ैमिली की पहली मुलाक़ात थी। जब हुज़ूर अनवर के चेहरा मुबारक पर नज़र पड़ी तो आँखें चेहरा से हटती नहीं थीं। मुलाक़ात से बाहर आकर उन पर कपकपी तारी थी और कहने लगे कि मेरा जिस्म काँप रहा है। उनकी पत्नी जो पाकिस्तान से आई थीं बयान करने लगीं कि ख़लीफ़ा वक़्त से मुलाक़ात हम अक्सर पाकिस्तानियों के लिए केवल एक ख़्वाब है लेकिन आज मेरे लिए ये ख़्वाब हक़ीक़त में बदल गया। हुज़ूर अनवर से मिलकर मुझे यूं महसूस होता है कि जैसे मेरी ज़िन्दगी ही बदल गई है।

निदा आक़िल साहिबा जो पाँच साल पहले शादी करके पाकिस्तान से आई थीं, कहने लगीं कि आज हमारी पहली मुलाक़ात थी। हुज़ूर अनवर का नूर वाला चेहरा देख दिल की एक ऐसी हालत हुई कि जो कहना चाहती थी वह भूल गई। बस हुज़ूर अनवर के चेहरा को ही देखती रही। हुज़ूर अनवर मेरे नाना जान मास्टर वली उल्लाह ख़ान साहिब को जानते थे। दौरान मुलाक़ात मेरी बेटी की तरफ़ देखकर हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया कि यह दो साल की है? प्राय लोग समझते हैं कि बेटी की उम्र अभी कम है। लेकिन हम हुज़ूर अनवर की इस बात से हैरान हो गए क्योंकि आज ही हमारी बेटी दो साल की हुई है। हुज़ूर अनवर ने दया करते हुए मेरी बेटी को दो साल का होने पर दो चॉकलेट प्रदान फ़रमाएं।

एक अफ़्रीकन अमरीकन दोस्त अब्दुल बदूद हाचर साहिब ने बयान किया कि उन्होंने तीन साल पहले ख़लीफ़ा वक़्त के हाथ पर लंदन में बैअत की थी। आज अपनी फ़ैमिली के साथ उनकी यह पहली मुलाक़ात थी। मुलाक़ात के दौरान हुज़ूर अनवर से निवेदन

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्ब: जुमअ:

अल्लाह तआला की हिक्मत यही थी कि ज़ैद रज़ि अपनी बीवी (हज़रत ज़ैनब रज़ि)को तलाक़ दे दें और वह रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पत्नी बनें ताकि यह साबित हो कि देश के क़ानून के लिहाज़ से औलाद क़ानून क़ुदरत वाली औलाद की तरह नहीं होती।

नबी अकरम के आज़ाद किए गए ग़ुलाम, इख़लास तथा वफ़ा की साक्षात मुर्ति बदरी सहाबी रसूल हज़रत ज़ैद बिन हारिसा रज़ी अल्लाह अन्हो की मुबारक सीरत का दिल में उतरने वाला वर्णन

नबी अकरम के साथ उम्मुल मोमनीन हज़रत ज़ैनब पुत्री जहश रज़ी अल्लाह अन्हा के निकाह के बारे में और अधिक विस्तार, इस बारे में कमज़ोर रिवायतों से प्रभावित

पाश्चात्य विद्वानों के बेहूदा आरोपों की समीक्षा और उन आरोपों का तर्कपूर्ण उत्तर।

प्रिया मर्यम सलमान गुल की वफ़ात। मरहूमा का ज़िक्र ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा (हाज़िर)

आदरणीय डाक्टर ताहिर अहमद अज़ीज़ साहिब साहिब इस्लामाबाद पाकिस्तान और आदरणीय इफ्तेख़ार अहमदा साहिब अमरीका का अफसोस वाली वफात पर उन का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जुम्अ: के बाद नामज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्ब: जुमअ: सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 21 जून 2019 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक,इस्लामाबाद सर्रे, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ. أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ. بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ. اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ. اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ. مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ. إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ. اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ. صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ. غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

पिछले ख़ुत्बा में मैंने हज़रत ज़ैद बिन हारिस रज़ि के बारे में बात कर रहा था, और इस विषय में बात हो रही थी कि हज़रत ज़ैनब पुत्री जहश से हुई थी। इस संदर्भ में मैंने कहा कि कुछ और चीजों का वर्णन होने वाली हैं।

हज़रत ज़ैनब पुत्री जहश की उम्र शादी के समय 35 साल थी, और अरब की स्थिति के अनुसार, यह उम्र इस तरह की थी कि इस आयु को बुज़ुर्ग उम्र, बड़ी आयु वाले की तरह कहना चाहिए। हज़रत ज़ैनब एक बहुत ही मुत्तकी और विनम्र और नेक औरत थीं। अत: बावजूद इस के आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सारी पत्नियों में से ज़ैनब ही वह पत्नी थी जो हज़रत आयशा का मुकाबला करती थीं और उनकी बराबरी की बात करती थीं। हज़रत आयशा रज़ि इन के व्यक्तिगत तक्वा तथा पवित्रता की बहुत प्रशंसा करती थीं और प्राय कहा करती थीं कि मैंने ज़ैनब से अधिक नेक औरत नहीं देखी और यह कि वह बहुत मुत्तकी सच बोलने वाली और रिश्तेदारों से भलाई करने वाली बहुत सदक़ा तथी ख़ैरात करने वाली और नेकी तथा अल्लाह तआला का सानिध्य प्राप्त करने के कर्मे में बहुत आगे थीं। बस इतनी सी बात थी कि इन की तबीयत थोड़ा तेज़ थी मगर तेज़ी के बाद वह शीघ्र ही शर्मिन्दा हो जाया करती थीं। सदका तथा ख़ैरात में इन का यह स्थान था कि हज़रत आयशा रिवायत करती हैं कि एक बार आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हम से फरमाया कि.......... अर्थात तुम में से जो लम्बे हाथ वाली है वह मेरी वफात के बाद से पहले फौत हो कर मेरे पास पहुंचेगी। हज़रत आयशा कहती हैं कि हम ने उस से जाहरी हाथ समझा परन्तु जब आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के वफात के बाद सब से पहले ज़ैनब बिन्त जहश की वफात हुई तो तब जाकर हम पर यह राज़ हम पर खुला कि हाथ से मुराद सदका तथा ख़ैरात का हाथ था न कि ज़ाहरी हाथ।

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब लिखते हैं कि जैसा कि सोचा जाता था कि हज़रत ज़ैनब की शादी पर मदीना के मुनाफकीन की तरफ से आरोप लगाए गए और उन्होंने स्पष्ट रूप से आरोप लगाए कि मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने बेटे कि बहु से शादी कर के मानो अपनी बहू को अपने ऊपर हलाल कर लिया है परन्तु जब शादी की रस्म ही अरब की इस जाहलाना रस्म को मिटाना था तो फिर इन लांछनों का सुनना भी आवश्यक था। इस स्थान पर यह भी वर्णन करना ज़रूरी है कि इब्ने साद तथा तिब्री इत्यादि ने हज़रत ज़ैनब के बारे में एक बहुत ही ग़लत तथा बिना बुनियाद के एक रिवायत वर्णन की है और चूंकि इस से आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बरकत वाली ज़ात पर आरोप का अवसर मिलता है इस लिए कुछ मसीही इतिहासकारों ने इस रिवायत को बहुत घिनौना रूप देकर अपनी पुस्तकों में वर्णन किया है।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ज़ैनब पुत्री जहश की शादी ज़ैद के साथ कर दी तो उस के बाद आप किसी मौक़ा पर ज़ैद रज़ि की तलाश में उनके मकान पर तशरीफ़ ले गए। इस वक़्त संयोग से ज़ैद बिन हारसह रज़ि अपने मकान पर नहीं थे। अत: जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने दरवाज़े से बाहर खड़े हो कर ज़ैद रज़ि को आवाज़ दी तो ज़ैनब रज़ि ने अंदर से जवाब दिया कि वह मकान पर नहीं हैं और साथ ही आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आवाज़ पहचान कर वह लपक कर उठीं और निवेदन किया कि हे अल्लाह के रसूल मेरे माता पिता आप पर क़ुर्बान हों आप अन्दर तशरीफ ले आएं परन्तु आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मना किया और वापस लौटने लगे।

अब यह रिवायत करने वाले इस तरह कि रिवायत लिखते हैं कि चूंकि हज़रत ज़ैनब घबरा कर जल्दी से उठ खड़ी हुईं कि उन के शरीर पर चादर नहीं थी और मकान का दरवाज़ा खुला था आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उन पर नज़र पड़ गई और आप नऊज़ बिल्लाह उन के सुन्दरता से प्रभावित होकर ह गुनगुनाते हुए वापस लौटे कि........... कि पवित्र है वह अल्लाह जो सारी प्रशंसा वाला है और पवित्र है वह अल्लाह जिस के हाथ में लोगों के दिल हैं जिधर चाहता है लोगों के दिलों को फेर देता है। जब ज़ैद बिन हारिसा वापस आए जो ज़ैनब रज़ि ने आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के घर आने की घटना वर्णन की और ज़ैद के पूछने पर कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम क्या फरमाते थे तब ज़ैनब ने आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के यह शब्द वर्णन किए और कहा कि मैंने तो निवेदन किया था कि आप अन्दर पधारे परन्तु आप ने मना किया और वापस तशरीफ ले गए। यह सुन कर ज़ैद आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में गए और कहा कि शायद आप को ज़ैनब पसन्द आ गई है अगर आप पसन्द फरमाएं तो मैं इस को तलाक दे देता हूं। और आप इस के साथ शादी कर लें आप ने फरमाया कि अल्लाह का तक्वा धारण करो और ज़ैनब को तलाक़ न दो। यह रिवायत लिखने वाले लिखते हैं कि परन्तु इस के बाद फिर ज़ैद ने ज़ैनब को तलाक दे दी. यह वह रिवायत है जो इब्न साद और तिबरी इत्यादि ने इस अवसर पर बयान की है और यद्यपि इस रिवायत की ऐसी व्याख्या की जा सकती है जो कुछ आरोप के योग्य नहीं, बिलकुल काबिल एतराज़ नहीं होगी मगर हक़ीक़त यह है कि यह क़िस्सा सिर से लेकर पैर तक केवल ग़लत और झूठ है और रिवायत तथा दिराएत हर तरह से इस का झूठा होना जाहिर है। रिवाय से तो इस क़दर जानना काफ़ी है कि इस क़िस्से के रावियों में अधिकतर

वाक़दी और अब्दुल्लाह बिन आमिर असुलमी का माध्यम आता है और यह दोनों आदमी मुहक़्क़िक़ीन के नज़दीक बिलकुल कमज़ोर और भरोसा के अयोग्य हैं यहां तक कि वाक़दी तो अपनी झूठ बोलने और झूठ कहने में ऐसी शौहरत रखता है कि शायद मुसलमान कहलाने वाले रावियों में इस की कोई तुलना नहीं मिलती। हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं कि और इस के मुक़ाबला में वह रिवायत जो हमने धारण की है जिस में ज़ैद रज़ि का आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हो कर ज़ैनब रज़ि की बदसुलूकी की शिकायत करना बयान किया गया था, (वह पिछले ख़ुत्बे में बयान हुई थी) और इस के मुक़ाबले में आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम का फ़रमान बयान किया गया था कि तुम का तक़्वा धारण करो और तलाक न दो यह रिवायत जो है यह बुख़ारी की है जो दोस्त तथा दुश्मन के निकट कुरआन शरीफ के बाद इस्लामी इतिहास का सब से प्रमाणिक माध्यम है जिस के विरुद्ध कभी किसी आरोप लगाने वाले को उंगली उठाने का साहस नहीं हुआ। अत: रिवायत के नियमों के अनुसार दोनों रावियों के महत्त्व का प्रकट होता है।

इसी तरह, अक्ल से भी देखा इब्ने साद इत्यादि की रिवात ग़लत होने में कोई शक नहीं रह जाता जब यह बात प्रमाणित है कि ज़ैनब आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के फूफेरी बहन थीं यहां तक कि आप ने ही वली बन कर ज़ैद बिन हारिसा से आप की शादी की थी दूसरी तरफ इस बात से भी किसी को इन्कार नहीं हो सकता कि अब तक मुसलमान औरतें पर्दा नहीं किया करती थीं बल्कि पर्दा के बारे में आरंम्भिक आदेश आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत ज़ैनब की शादी के बाद नाज़िल हुए थे तो इस अवस्था में यह विचार करना कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ज़ैनब को पहले कभी नहीं दखा था केवल उस समय संयोग से नज़र पड़ गई थी और आप उन पर आशिक हो गए थे एक स्पष्ट और खुला झूठ है यक़ीनन इस से पहले आप ने हज़ारों बार ज़ैनब को देखा होगा और उनके जिस्म की सुन्दरता तथा कुरूपता जो कुछ भी था आप पर स्पष्ट था और यद्यपि ओढ़नी के साथ देखना और ओढ़नी के बिना देखना कोई फ़र्क़ नहीं रखता लेकिन जब रिश्ता इतना क़रीब का था और पर्दे की रस्म भी और हुक्म भी इस वक़्त शुरू नहीं हुआ था और हर वक़्त की मेल मुलाक़ात थी तो अधिक विचार यह है कि आप को कई बार उन्हें बग़ैर ओढ़नी के देखने का संयोग भी हुआ होगा और ज़ैनब रज़ि का आप को अंदर तशरीफ़ लाने के लिए निवेदन करना ज़ाहिर करता है कि इस वक़्त उनके शरीर पर इतने कपड़े ज़रूर थे कि वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने होने के लिए तैयार थीं। अत: जिस दृष्टि से भी देखा जाए यह क़िस्सा एक केवल झूठा और बनावटी क़िस्सा क़रार पाता है जिसके अंदर कुछ भी हक़ीक़त नहीं और अगर इन दलीलों के साथ आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इस कामिल दर्जा मुक़द्दस और नेक ज़िन्दगी को भी सामने रखा जाए जो आप की हर हरकत तथा स्कून से स्पष्ट और ज़ाहिर था तो फिर तो इस व्यर्थ और फ़ुज़ूल रिवायत का कुछ भी बाक़ी नहीं रहता और यही वजह है कि मुहक़्क़िक़ीन ने इस क़िस्से को क़तई तौर पर झूठा और बनावटी क़रार दिया है। जैसे अल्लामा इब्न-ए-हिज्र ने फ़तह अल्बारी में, अल्लामा इब्ने कसीर ने अपनी तफ़सीर में, अल्लामा जरक़ानी ने शरह मौअहिब में वज़ाहत के साथ इस रिवायत को सरासर झूठा क़रार देकर उस के ज़िक्र तक को सदाक़त का अपमान समझा है और यही हाल दूसरे मुहक़्क़िक़ीन का है। और मुहक़्क़िक़ीन पर ही बस नहीं बल्कि हर आदमी जिसे द्वेष ने अंधा नहीं कर रखा वह इस ब्यान को जो हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने भी लिखा है कि हम ने क़ुरआन शरीफ़ और सहीह हदीसों की बिना पर प्रस्तुत किया है इस लचर और नज़र न डालने योग्य क़िस्से पर तर्जीह देगा जिसे कुछ मुनाफ़क़ीन ने अपने पास से घड़ कर रिवायत किया और मुस्लमान मुअर्रिख़ीन ने जिनका काम सिर्फ हर किस्म की रिवायतों को जमा करना था उसे बग़ैर किसी तहक़ीक़ के अपनी तारीख़ में जगह दे दी और फिर कुछ ग़ैर मुस्लिम मुअर्रिख़ीन ने मज़हबी द्वेष से अंधा हो कर उसे अपनी किताब का हिस्सा बनाया।

इस बनावटी क़िस्से के बारे में यह बात भी याद रखनी चाहिए। हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने यह अपनी सीरत ख़ातमुन्नबिय्यीन में लिखा है कि यह ज़माना इस्लामी तारीख़ का वह ज़माना था जबकि मदीना के मुनाफ़क़ीन अपने पूरे ज़ोर में थे और अब्दुल्लाह बिन अबी बिन सलूल के नेतृत्व में उनकी तरफ़ से एक बाक़ायदा साज़िश इस्लाम और इस्लाम के संस्थापक को बदनाम करने की जारी थी और उन का यह तरीक़ था कि झूटे और बनावटी क़िस्से घड़-घड़ कर ख़ुफ़िया ख़ुफ़िया फैलाते रहते थे या असल बात तो कुछ होती थी और वह उसे कुछ का कुछ रंग देकर और इस के साथ सौ किस्म के झूठ शामिल करके उस की छुप छुप कर इशाअत शुरू कर देते थे। अत: क़ुरआन शरीफ़ की सूरा एहज़ाब में जिस जगह हज़रत ज़ैनब रज़ की शादी का ज़िक्र है इस के साथ साथ मुनाफ़क़ीन मदीना का भी ख़ास तौर पर ज़िक्र किया गया है और उन की शरारतों की तरफ़ इशारा करके अल्लाह तआला फ़रमाता है

لَئِنۡ لَّمۡ یَنۡتَہِ الۡمُنٰفِقُوۡنَ وَ الَّذِیۡنَ فِیۡ قُلُوۡبِہِمۡ مَّرَضٌ وَّ الۡمُرۡجِفُوۡنَ فِی الۡمَدِیۡنَۃِ لَنُغۡرِیَنَّکَ بِہِمۡ ثُمَّ لَا یُجَاوِرُوۡنَکَ فِیۡہَاۤ اِلَّا قَلِیۡلًا

अर्थात अगर मुनाफ़िक़ लोग और वे लोग जिनके दिलों में बीमारी है और मदीना में झूठी और फ़ित्ना फैलाने वाली ख़बरों को फैलाने वाले लोग अपनी इन कार्यवाईयों से रुक न जाऐं तो फिर हे नबी हम तुम्हें उनके ख़िलाफ़ हाथ उठाने की इजाज़त देंगे और फिर ये लोग मदीना में नहीं ठहर सकेंगे परन्तु थोड़ा। इस आयत में स्पष्ट रूप से इस क़िस्सा के झूठा होने की तरफ़ उसूली इशारा किया गया है। फिर जैसा कि आगे चल के ज़िक्र आता है उसी ज़माना के क़रीब क़रीब हज़रत आयसा रज़ि के ख़िलाफ़ झूठ लगाए जाने की भी ख़तरनाक घटना पेश आई और अब्दुल्लाह बिन अबी और इस के बददयानत साथियों ने इस झूठ की इतनी चर्चा की और ऐसे ऐसे रंग देकर उस को फैलाया की कि मुसलमानों पर इन का सुख का ज़माना तंग हो गया और कई कमज़ोर तबीयत और अज्ञान मुसलमान भी उनके इस गंदे प्रोपेगंडा का शिकार हो गए। अत: यह ज़माना मुनाफ़िक़ों के ख़ास ज़ोर का ज़माना था और उन का सबसे ज़्यादा दिल पसंद तरकी यह था कि झूठी और गंदी ख़बरें उड़ा उड़ा कर आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम और आप से सम्बन्ध रखने वालों को बदनाम करें और ये ख़बरें ऐसी होशियारी के साथ फैलाई जाती थीं कि कई बार आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम और आप के बड़े बड़े सहाबा रज़ि को तफ़सीली ज्ञान ना होने की वजह से उनकी तरदीद का मौक़ा भी नहीं मिलता था और अन्दर ही अन्दर उनका ज़हर फैलता जाता था। ऐसी अवस्था में कुछ बाद में आने वाले मुसलमान जो ज़्यादा तहक़ीक़ और अनुसंधान के आदी नहीं थे उन्हें सच्चा समझ कर उनकी रिवायत शुरू कर देते थे और इस तरह ये रिवायतें वाक़दी इत्यादि की किस्म के मुस्लमानों के जो मजमुए थे उन में रास्ता पा गईं मगर जैसा कि बयान किया जा चुका है सही हादीसों में उनका नामो -निशान तक नहीं पाया जाता और ना मुहक़्क़िक़ीन ने उन्हें क़बूल किया है।

ज़ैनब पुत्री जहश रजि के क़िस्सा में सर विलिय्म म्यूर ने जिनसे यक़ीनन एक बेहतर ज़ेहनीयत की उम्मीद की जाती थी वाक़दी की ग़लत और बनावटी रिवायत को क़बूल करने के इलावा इस अवसर दिल को दुखाने वाला ताना भी किया है। वह आरोप लगाने वाला था। उनसे तो यही उम्मीद होनी चाहिए थी और फिर जब हवाला मुस्लमानों का मिल जाए तो फिर उनको और अधिक ताना करने का भी मौक़ा मिल जाता है कि गोया बढ़ती हुई उम्र के साथ साथ आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम की नफ़सानी इच्छाएं भी तरक़्क़ी करती जाती थीं (नऊज़-बिल-लाह) और म्यूर साहिब आप के हर्म की जो वृद्धि थी, शादियों में इज़ाफ़ा था इस को म्यूर साहिब इसी भावना पर आधारित क़रार देते हैं। यही कहते हैं कि यह नफ़सानी इच्छाएं थीं, नऊज़ बिल्लाह। हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने लिखा है कि मैं भी एक इतिहासकार की हैसियत से इस बात को बग़ैर किसी मज़हबी बेहस में पड़ने के ब्यान करता हूँ मगर तारीख़ी घटनाओं को एक ग़लत रास्ते पर जब डाला जाता है तो उसे देखकर इस घलत और अन्यायपूर्ण तरीक़ा के ख़िलाफ़ आवाज़ बुलंद करने से रुका नहीं रह सकता। अत: इलावा मज़हबी भावनाओं के और फिर आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम के तक़द्दुस के सवाल के, जिस पर एक हक़ीक़ी मुसलमान और एक मोमिन तो अपनी जान भी क़ुर्बान कर सकता है , अक्ली और तारीख़ी हक़ीक़तें जो हैं वे भी इस बेहूदा बात का इन्कार करती हैं।

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब लिखते हैं कि वास्तव में यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक से अधिक विवाह किए और यह भी प्रमाणिक इतिहास का हिस्सा है कि इलावा, हज़रत ख़दीजा रज़ि की आपकी सभी शादियां इस ज़माना से सम्बन्ध जिसे रखती हैं जिसे बुढ़ापे का ज़माना कहा जाता है। परन्तु बिना किसी तारीख़ी गवाही के बिल्कुल स्पष्ट और साफ तारीख़ी गवाही के विरुद्ध यह विचार करना कि आप की ये शादियां

नऊज़ बिल्लाह शारीरिक इच्छाओं की नऊज़ बिल्लाह पूर्ति का साधन थी एक इतिहासकार की शान से बहुत दूर है । म्यूर साहिब इस बात से अनभिज्ञ नहीं थे कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पच्चीस साल की आयु में एक चालीस वर्ष की अधेड़ आयु की औरत से शादी की थी और फिर पच्चास साल की आयु तक इस रिश्ता को इस ख़ूबी तथा वफादारी के साथ निभाया कि जिस की तुलना नहीं मिलती और इस के बाद भी आप ने 55 वर्ष की आयु तक व्यावहारिक रूप से एक पत्नी ही रखी और यह बीवी भी हज़रत सौदा संयोग से एक विधवा और अधेड़ आयु की औरत थीं और इस समस्त समय में जो नफ़्सानी जोश के उभरने का ज़माना है आप को कभी दूसरी शादी का विचार तक न आया। म्यूर साहिब इस तारीख़ी घटना से भी अनजान नहीं थे जब मक्का वालों ने आप के तब्लीग़ से तंग आकर और इन को अपने क़ौमी धर्म को ख़राब करने वाला जान कर आप के पास उतबा बिन रबीया को बतौर एक वफद के भेजा और आप के पास बहुत भरपूर निवेदन किया कि आप अपनी इन कोशिशों से रुक जाएं और दौलत तथा रियासत की लालच देने के अतिरिक्त एक यह भी निवेदन किया कि अगर आप किसी सुन्दर लड़की से शादी करके हम से ख़ुश रह सकते हैं और हमारा धर्म को बुरा भला कहना से रुक सकते हैं तो आप जिस लड़की को पसन्द करें हम आप के साथ इस की शादी करवा देते हैं। इस समय आप की आयु भी कुछ अधिक न थी और शारीरिक शक्ति भी बाद के जमाना की तुलना में बेहतर थी मगर जो जवाब आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मक्का के इन रईसों के वफद को दिया वह भी तारीख़ का एक ख़ुला हुआ पृष्ठ है जिस की दुहराने की हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब लिखते हैं कि ज़रूरत नहीं है और यह तारीख़ी घटना भी म्यूर साहिब की नज़र से ओझल नहीं होगी कि मक्का के लोग आप को आप के बेअसत से पहले अर्थात चालीस वर्ष की आयु तक एक बेहतरीन आचरण वाला इन्सान समझते थे परन्तु बावजूद इन सारी गवाहियों के म्यूर साहिब का यह लिखना के 55 वर्ष की आयु के बाद एक तरफ आप की शारीरिक क्षमता में अपने आप कमी होने लगी थी और दूसरी तरफ आप की व्यस्तता इतनी बढ़ गई थी कि जो कि एक व्यस्त से व्यस्त इन्सान को भी शर्मा देती थीं तो आप भोग विलास करने लगे। यह हरगिज़ को कोई द्वेष से रहित बात नहीं समझी जा सकती। नि:सन्देह यह द्वेष से भरा हुआ रिमार्क है कहने को तो कोई आदमी जो चाहे कर सकता है और उस की ज़बान तथा क़लम को रोकने की किसी में कोई ताकत नहीं होती परन्तु अक्ल वाले को चाहिए कि कम से कम कोई इस तरह की बात न कहे जो दूसरों की नेक अक्ल स्वीकार करने को तैय्यार न हो। म्यूर साहिब तथा उन के साथ के लोग अगर अपनी आंख़ों से द्वेष की पट्टी उतार कर देखते तो उन्हें मालूम होता कि केवल यह बात है कि आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शादिया आप के बुढ़ापे की आयु से सम्बन्ध रखती है इस बात की दलील है कि वह शारीरिक आवश्यकताओं के लिए नहीं थीं बल्कि इन के पीछे कोई दूसरा उद्देश्य भी छुपा हुआ था विशेष रूप से जब कि यह एक तारीख़ी हकीकत है कि आप ने अपनी जवानी के दिन इस अवस्था में गुज़ारे जिस के कारण से आप ने अपनों तथा बेगानों से अमीन का सम्बोधन पाया।

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब लिखते हैं और हर पढ़ने वाले के, इतिहास जानने वाले के निसन्देह वही भावनाएँ हैं कि इस बात के अध्ययन से मुझे एक आध्यात्मिक आन्नद होता है कि आप की आयु के जिस ज़माना में आप की शादियां हुईं जब कि आप पर आक के नबुव्वत के कार्यों का सब से अधिक बोझ था और अपनी इन असंख्य और भारी ज़िम्मेदारियों की अदायगी में आप बिलकुल लीन हो रहे थे और हर इंसाफ़ पसंद, शरीफ़ इन्सान के नज़दीक केवल यह मंज़र ही इस बात की एक दलील है कि आप की ये शादियां आप के नबुव्वत के फ़राइज़ का हिस्सा थीं जो आप ने अपनी घरेलु ख़ुशी को बर्बाद करते हुए तब्लीग़ तथा तब्लीग़ के उद्देश्यों के अधीन की थीं। एक बुरा आदमी दूसरे के कर्मों में बुरी नीयत तलाश करता है और अपनी गंदी हालत की वजह से कई बार दूसरे की नेक नीयत को समझ भी नहीं सकता मगर एक शरीफ़ इन्सान इस बात को जानता और समझता है कि कई बार एक ही कर्म होता है जिसे एक गंदा आदमी बुरी नीयत से करता है मगर उसी को एक नेक आदमी नेक और पाक नीयत से कर सकता है और करता है।

फिर ये भी स्पष्ट होना चाहिए कि इस्लाम में शादी का उद्देश्य यह नहीं है कि मर्द और औरत अपनी नफ़सानी इच्छाओं के पूरा करने के लिए इकट्ठे हो सकें बल्कि यद्यपि इन्सानी नस्ल को जारी रखने के लिए मर्द तथा औरत का इकट्ठा होना निकाह की एक जायज़ ग़र्ज़ है मगर इस में बहुत से और पवित्र उद्देश्य भी समक्ष हैं। अत: एक इन्सान की शादियों की वजह तलाश करते हुए ,जिसकी ज़िन्दगी की हर हरकत और सुकून उस की बे नफ़सी और पाकीज़गी पर एक दलील है ,गंदे आदमियों की तरह गंदे विचारों की तरफ़ माइल होने लगना उस आदमी को तो हरगिज़ कोई नुक़्सान नहीं पहुंचा सकता जिसके बारे में यह राय लगाई जाती है मगर राय लगाने वाले, देने वाले के अपने भीतर का आईना ज़रूर समझा जा सकता है। मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं कि अत: इस से अधिक इस आरोप के जवाब में, मैं कुछ नहीं कहता कि وَاللّٰهُ الْمُسْتَعَانُ عَلٰى مَا تَصِفُوْنَ कि अल्लाह ही है जिस से इस बात पर मदद मांगी जा सकती है जो तुम वर्णन करते हो।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुन्नबिय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 549 से 555)

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ि ने भी इस शादी और निकाह के हवाले से एक बात अपने एक निकाह के ख़ुत्बा में बयान फ़रमाई थी वह भी मैं पढ़ देता हूँ। आप रज़ि फ़रमाते हैं कि

"आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने अपनी फ़ूफी की लड़की का निकाह ज़ैद रज़ि से कराया। हम यह नहीं कह सकते कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने इस्तिख़ारा नहीं किया होगा। दुआएं नहीं की होंगी। अल्लाह ताला पर भरोसा ना किया होगा। तवक्कुल नहीं किया होगा। ये सब बातें रसूल करीम सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने की होंगी। आप ने इस्तिख़ारा भी किया होगा। दुआएं भी की होंगी मगर बावजूद उस के अल्लाह तआला ने आप की कोशिश को सफल नहीं किया। आप रज़ि लिखते हैं ये नुक्ता बयान फ़र्मा रहे हैं कि असल वजह इस बात की यह थी कि अल्लाह ताआला ये बात लोगों पर ज़ाहिर करना चाहता था कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम की पुत्र वाली औलाद नहीं है चाहे कानून क़ुदरत वाली औलाद हो या कानून मुल्क वाली, (जो बच्चे adopt कर लेते हैं वह मुल्की क़ानून के अधीन औलाद माने जाते हैं।) कानून क़ुदरत के अनुसार तो आप का कोई पुत्र नहीं था मगर मुल्की दस्तूर और इस वक़्त के कानून शरीयत के अनुसार आप की औलाद मौजूद थी जैसा कि ज़ैद रज़ि थे। लोग उन्हें इब्ने मुहम्मद रज़ि कहा करते थे। हज़रत ज़ैनब रज़ि के निकाह की घटना से ख़ुदा तआला ने यह बताया कि औलाद वही होती है जो कानून क़ुदरत के अनुसार हो अर्थात जिस्मानी औलाद हो। कानून मुल्क वाली औलाद हक़ीक़ी औलाद नहीं होती। (जो adopt किए हुए बच्चे होते हैं वे भी हक़ीक़ी औलाद नहीं होती) और ना शरीयत ने हक़ीक़ी औलाद के लिए जो क़वनू रखे हैं वे दूसरों पर लागू होते हैं। इस बात को क़ायम करने के लिए एक अकेला तरीक़ा यही था कि हज़रत ज़ैद रज़ि की तलाक वाली औरत के साथ रसूल करीम सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम निकाह फ़रमाते। अल्लाह ताला ने ज़ैद रज़ि और इस की बीवी के मतभेदों को दूर ना होने दिया। अल्लाह तआला चाहता तो दूर हो सकता था लेकिन नहीं दूर होने दिया। बावजूद उस के कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने इस्तिख़ारा भी किया था। दुआएं भी की थीं। अल्लाह तआला पर भरोसा किया था। कोशिश की थी ,मगर हिकमत इलाही यही थी कि ज़ैद रज़ि अपनी बीवी को तलाक़ दे दें और वह रसूल करीम सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम की ज़ौजीयत में जाए ताकि यह साबित हो कि क़ानून मुल्की के लिहाज़ से औलाद कानून क़ुदरत वाली औलाद की तरह नहीं होती। यह भी एक नुक्ता है जो इस शादी की हिक्मत के पीछ आप रज़ि ने बयान फ़रमाया ।

(उद्धरित ख़ुत्बाते महमूद रज़ि जिल्द 3 पृष्ठ 390-391)

आं हुज़ूर सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम का आज़ाद किए ग़ुलामों के साथ जो बर्ताव था उस के बारे में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि सीरत ख़ातमुल् अंबिया में लिखते हैं कि

"आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम का यह तरीक़ा था कि लोगों के पुराने ख़्यालात के सुधार के उद्देश्य से आप ग़ुलामों और आज़ाद किए ग़ुलामों में से काबिल लोगों का सम्मान का ख़्याल दूसरे लोगों की तुलना में ज़्यादा रखते थे। अत: आप ने बहुत से अवसरों पर अपने आज़ाद किए ग़ुलाम ज़ैद बिन हारसह रज़ि और उन के लड़के उसामा बिन ज़ैद रज़ि को जंगी मुहिमों में अमीर निर्धारित

फ़रमाया और बड़े बड़े इज़्ज़त वाले और सम्मान वाले सहाबियों को उनके अधीन रखा और जब नासमझ लोगों ने अपने पुराने विचारों की बिना पर आप के इस कर्म पर ऐतराज़ किया तो आप ने फ़रमाया....तुम लोगों ने उसामह रज़ि के अमीर बनाए जाने पर भी आरोप किया है और इस से पहले तुम उस के बाप ज़ैद रज़ि की इमारत पर भी आरोप लगा चुके हो मगर ख़ुदा की क़सम जिस तरह ज़ैद रज़ि इमारत का हक़दार और योग्य था और मेरे महबूब लोगों में से था इसी तरह उसामह रज़ि भी अमीर बनने का योग्य है और मेरे महबूब लोगों में से है। इस इरशादे नबवी पर जो इस्लाम की हक़ीक़ी बराबरी पर आधारित था सहाबा की गर्दनें झुक गईं और उन्होंने समझ लिया कि इस्लाम में किसी शख़्स का ग़ुलाम या ग़ुलाम पैदा होना या बज़ाहिर किसी छोटे तबक़े से सम्बन्ध रखना उस की तरक़्क़ी के रास्ता में रोक नहीं हो सकता, (कोई रोक नहीं बन सकता) और वास्तविक स्तर प्रत्येक अवस्था में तक़्वा और व्यक्तगित क़ाबलीयत पर आधारित है।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 683)

फिर इस से बढ़ कर क्या होगा कि आप ने अपनी हक़ीक़ी फूफी की लड़की ज़ैनब पुत्री जहश रज़ि को ज़ैद बिन हारसह रज़ि से ब्याह दिया और अजीब करिश्मा यह है कि सारे क़ुरआन में अगर किसी सहाबी का नाम वर्णन हुआ है तो वो यही ज़ैद बिन हारसह रज़ि हैं।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 398-399)

ग़ुलामों की इस्लामी तरीक़ा पर आज़ादी के बारे में आप एक स्थान पर और लिखते हैं कि इस्लामी तरीक़ पर आज़ाद होने वाले लोगों में एक बहुत बड़ी संख्या ऐसे लोगों की नज़र आती है जो हर किस्म के मैदान में तरक़्क़ी के आला तरीन स्थान पर पहुंचे हैं और जिन्होंने विभिन्न विभागों में मुसलमानों में लीडर होने का सम्मान हासिल किया .... सहाबा रज़ि में ज़ैद बिन हारसह रज़ि एक आज़ाद किए गए ग़ुलाम थे मगर उन्होंने इतनी क़ाबिलीयत पैदा की कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने उनकी क़ाबिलीयत की वजह से बहुत सी इस्लामी मुहिमों में उन्हें अमीर-उल-अस्कर (अर्थात पूरे लश्कर का अमीर) निर्धारित फ़रमाया और बड़े बड़े जलील-उल-क़दर सहाबी यहां तक कि ख़ालिद बिन वलीद रज़ि जैसे कामयाब जरनैल भी उनके अधीनता में रखे।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 403)

हज़रत ज़ैद जंग बदर, उहद, ख़ंदक़, हुदैबिया, ख़ैबर में आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम के साथ शरीक हुए। हज़रत ज़ैद रज़ि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम के माहिर तीर अंदाज़ों में से गिने जाते थे। जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ग़ज़वा मुरय्सी (यह जंग बनू मुस्तलक़ का दूसरा नाम है) जो सीरत अलहलबीह के अनुसार शाबान 5 हिज्री में हुआ था, उस के लिए जाने लगे तो आप ने हज़रत ज़ैद रज़ि को मदीना का अमीर निर्धारित फ़रमाया। हज़रत सलमा बिन अकवा रज़ि बयान करते हैं कि मैंने रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम के साथ सात जंगों में शिरकत की और नौ ऐसे सिराया में शामिल हुआ (वे जंगें जिन में आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम लश्करों में शामिल नहीं हुए थे) जिनमें रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने हम पर हज़रत ज़ैद बिन हारसह रज़ि को अमीर लश्कर निर्धारित किया था। हज़रत आयशा रज़ि से रिवायत है कि आप सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने ज़ैद बिन हारसह रज़ि को जब भी किसी लश्कर के साथ रवाना फ़रमाया तो हर बार इस लश्कर का अमीर ही मुक़र्रर फ़रमाया और हज़रत आयशा कहती हैं कि अगर हज़रत ज़ैद रज़ि बाद में भी ज़िन्दा रहते तो आप उन्हीं को अमीर मुक़र्रर फ़रमाते।

(अत्तबक़ातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 33 ज़ैद अलहुब बिन हारसह रज़ि प्रकाशन दार अलकुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

(अस्सीरतुल हलबीह जिल्द 2 पृष्ठ 377-378 बाब ग़ज़वा बनी अलमुसतलक़ प्रकाशन दार अल्कुतब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि सीरत ख़ातमुल अंबिया में जंग सफ़वान जिसे जंग बदर औला भी कहते हैं जो जमादी अल-आख़िर 2 हिज्री में हुई। इस के बारे में बयान करते हुए कहते हैं कि जंग उशैरह के बाद अभी आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम को मदीना में तशरीफ़ लाए दस दिन भी नहीं गुज़रे थे कि मक्का के एक रईस कुरज़बिन जबिर फ़हुरी ने क़ुरैश के एक दस्ते के साथ कमाल होशियारी से मदीना की चरागाह पर जो शहर से सिर्फ तीन मील पर थी अचानक हमला किया और मुस्लमानों के ऊंट इत्यादि लूट कर चलता हुआ। आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम को यह सूचना हुई तो आप फ़ौरन ज़ैद बिन हारसह रज़ि को अपने पीछे अमीर मुक़र्रर कर के और मुहाजरीन की एक जमात को साथ लेकर उस के पीछा में निकले और सफ़वान तक जो बदर के पास एक जगह है इस का पीछा किया मगर वह बच कर निकल गया। इस ग़ज़वा को ग़ज़वा बदर औला भी कहते हैं।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 330)

जिसकी पहले वज़ाहत की थी और जो जंग उशैरह है इस के बारे में संक्षिप्त बता दूं कि जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम को क़ुरैश के बुरे इरादों की ख़बर मिली तो आप यह ख़बर सुनकर मदीना से निकले और समुंद्र के तट के पास उशैरह स्थान तक पहुंचे। यद्यपि क़ुरैश से वहां मुक़ाबला नहीं हुआ लेकिन वहां क़बीला बनू मदलज के साथ कुछ शर्तों पर आपस में अमन का मुआहदा हुआ और इस के बाद आप मदीना तशरीफ़ ले आए। अत: उशैरह समुंद्र के किनारे स्थान था। वहां आप ख़बर सुन कर गए थे कि काफ़िर वहां जमा हो रहे हैं और शायद फ़ौज इकट्ठी हो रही है तो आप ने सोचा कि वहीं बाहर निकल के उनका मुक़ाबला किया जाए लेकिन बहरहाल जंग नहीं हुई और इस सफ़र का यह फ़ायदा हुआ कि एक क़बीले से आप का अमन का मुआहदा हो गया।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 329)

जंग और सिरयह के बारे में भी यह स्पष्ट कर दूं। कुछ को नहीं पता होगा कि ग़ज़वा इसे कहते हैं जिस मुहिम में आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम शामिल हुए और सिरयह इसे कहते हैं जिस में आप शामिल नहीं हुए। ग़ज़वा और सिरयह दोनों में ये भी स्पष्ट हो जाए कि तलवार के जिहाद के लिए निकलना ज़रूरी नहीं है बल्कि हर वे सफ़र जिस में आप सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम जंग की हालत में शरीक हुए हूँ वह ग़ज़वा कहलाता है चाहे वे विशेष रूप से लड़ने के लिए ना भी किया गया हो लेकिन बाद में मजबूरी से जंग करनी पड़ी हो। इसी तरह सिरयह भी है। अत: हर ग़ज़वा और सिरयह लड़ाई की मुहिम का ही नहीं होता। ग़ज़वा उशैर में भी जैसा कि ब्यान हुआ कोई जंग नहीं हुई।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 327)

जब जंग बदर ख़त्म हो गई तो बदर से रवाना होते वक़्त आँ हज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने ज़ैद बिन हारस रज़ि को मदीना की तरफ़ रवाना फ़रमाया ताकि वे आगे आगे जा कर मदीना वालों को विजय की ख़ुशख़बरी

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरूल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

पहुंचाएं । अत: उन्होंने आप से पहले पहुंच कर मदीना वालों को फ़तह की ख़बर पहुंचाई जिस से मदीना के सहाबा को अगर एक तरफ़ इस्लाम की महान फ़तह होने के लिहाज़ से कमाल दर्जा ख़ुशी हुई तो इस लिहाज़ से किसी क़दर अफ़सोस भी हुआ कि इस महान जिहाद के सवाब से वे ख़ुद महरूम रहे। इस ख़ुशख़बरी ने इस ग़म को भी ग़लत कर दिया जो ज़ैद बिन हारस रज़ि की आमद से थोड़ी देर पहले मदीना के मुसलमानों को प्राय: और हज़रत उसमान रज़ि को विशेष रूप से रुक़य्यह पुत्री रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम की वफ़ात से पहुंचा था जिन को आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम अपने पीछे बीमार छोड़कर जंग बदर के लिए तशरीफ़ ले गए थे और जिनकी वजह से हज़रत उसमान रज़ि भी जंग में शरीक नहीं हो सके ।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 367)

हज़रत ज़ैद बिन हारसह रज़ि के एक सिरयह जो जमादी अल आख़िर सन 3 हिज्री में करदा के स्थान की तरफ़ भेजा गया था, उस का ज़िक्र करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं कि

बनू सुलैम और बनू ग़तफ़ान के हमलों से कुछ फ़ुर्सत मिली तो मुस्लमानों को एक और ख़तरा के रोकथाम के लिए के लिए वतन से निकलना पड़ा। अब तक क़ुरैश अपनी उत्तर दिशा की तिजारत के लिए प्राय हिजाज़ के तटयीय रास्ते से शाम की तरफ़ जाते थे लेकिन अब उन्होंने ये रास्ता छोड़ दिया क्योंकि ...इस इलाक़ा के क़बीले मुस्लमानों के हलीफ़ बन चुके थे और क़ुरैश के लिए शरारत का मौक़ा कम था बल्कि ऐसे हालात में वह इस तटयीय रास्ते को ख़ुद अपने लिए ख़तरे का कारण समझते थे। बहरहाल अब उन्होंने इस रास्ते को तर्क करके नज्दी रास्ता धारण कर लिया जो इराक़ को जाता था और जिसके आसपास क़ुरैश के हलीफ़ और मुस्लमानों के जानी दुश्मन थे, पहले रास्ते वे थे जिनसे मुस्लमानों का मुआहदा हुआ था और इस रास्ता पर जिसको क़ुरैश ने धारण किया वहां उनके अपने मुआहदे वाले थे और वे लोग और क़बीले आबाद थे जो मुस्लमानों के भी जानी दुश्मन थे जो क़बीला सुलैम और ग़तफ़ान थे। अत: जमादी अलआख़िर के महीना में आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम को यह सूचना प्राप्त हुई कि क़ुरैश का अमुक का एक तिजारती क़ाफ़िला नज्दी रास्ते से गुज़रने वाला है। ज़ाहिर है कि अगर क़ुरैश के क़ाफ़िलों का तटयीय रास्ते से गुज़रना मुस्लमानों के लिए ख़तरा का कारण था तो नज्दी रास्ते से उनका गुज़रना वैसा ही बल्कि इस से बढ़कर बढ़ कर खतरा वाला था क्योंकि तटयीय रास्ते के ख़िलाफ इस रास्ते पर क़ुरैश के हलीफ़ आबाद थे जो क़ुरैश ही की तरह मुस्लमानों के ख़ून के प्यासे थे और जिन के साथ मिलकर क़ुरैश बड़ी आसानी के साथ मदीना में ख़ुफ़िया छापामारी सकते थे या कोई शरारत कर सकते थे और फिर क़ुरैश को कमज़ोर करने और उन्हें सुलह की तरफ़ माइल करने के उद्देश्य के अधीन भी ज़रूरी था कि इस रास्ते पर भी उनके क़ाफ़िलों की रोकथाम की जाए। इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने इस ख़बर के मिलते ही अपने आज़ाद किए गए ग़ुलाम ज़ैद बिन हारसह रज़ि की सरदारी में अपने सहाबा का एक दस्ता रवाना फ़र्मा दिया।

क़ुरैश के इस तिजारती क़ाफ़िले में अबू सुफ़यान बिन हरब और सफ़वान बिन उमय्यह जैसे रईस भी मौजूद थे। ज़ैद रज़ि ने निहायत चुस्ती और होश्यारी से अपने फ़र्ज़ को अदा किया और नजद के स्थान करदा में इन इस्लाम के दुश्मनों को जा पकड़ा और इस अचानक हमला से घबरा कर क़ुरैश के लोग क़ाफ़िला के माल और जो भी उनका माल था इस को छोड़ कर भाग गए और ज़ैद बिन हारसह रज़ि और उन के साथी बहुत अधिक माल ग़नीमत के साथ मदीना में कामयाब वापस आए। कुछ इतिहासकारों ने लिखा है कि क़ुरैश के इस क़ाफ़ला का राहबर एक फ़ुरात नामी शख़्स था जो मुस्लमानों के हाथ क़ैद हुआ और मुस्लमान होने पर रिहा कर दिया गया लेकिन दूसरी रिवायतों से पता लगता है कि वह मुस्लमानों के ख़िलाफ़ मुशरिकीन का जासूस था मगर बाद में मुस्लमान हो कर मदीने में हिजरत करके आ गया।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 465-466)

हज़रत आयशा रज़ि बयान करती हैं कि हज़रत ज़ैद बिन हारस रज़ि एक सिरिया से मदीना वापस लौटे। इस वक़्त रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम मेरे घर में थे। हज़रत ज़ैद रज़ि आए और घर का दरवाज़ा खटखटाया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने आप का स्वागत किया और उन्हें गले लगाया और उनका चुम्बन लिया।

(सुनन अत्तिर्मज़ी अबवाबुल इस्तेज़ान हदीस 2732)

शाबान 5 हिज्री में जब रसूल करीम सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने बनू मुस्तलक़ की तरफ़ रवाना होने की तहरीक फ़रमाई तो कुछ रिवायतों के अनुसार रसूल करीम सल्लल्लाहो अल्लाह अलैहि वसल्लम ने हज़रत ज़ैद बिन हारसा रज़ि को मदीना का अमीर निर्धारित किया।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुल अंबिया लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 558)

जंग ख़ंदक़ के दिन मुहाजरीन का झंडा भी हज़रत ज़ैद बिन हारस रज़ि के पास था।

(अत्तबक़ातुल कुबरा जिल्द 2 पृष्ठ 51 प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

ये ज़िक्र शायद अभी कुछ चले।

दूसरे अब मैं ज़िक्र करूँगा। ये एक दुख वाली ख़बर है। (जनाज़ा आ गया हुआ है?) अज़ीज़ा मर्यम सलमान ग़ुल जो मुबारक अहमद सिद्दीक़ी साहिब की बेटी थीं 17 जून को 25 साल की उम्र में वफ़ात पा गईं। इन्ना लिल्लाह व इन्ना इलैहि राजेऊन। कुछ दिन पहले ही उनकी बीमारी का पता चला था। तबीयत ज़्यादा ख़राब होने पर हस्पताल दाख़िल कराया गया लेकिन अल्लाह तआला की तक़दीर ग़ालिब आई, बच न सकें। अज़ीज़ा बच्ची के बारे में जो भी उनके मिलने वाले हैं उन्होंने यही कहा है कि बड़ी मिलनसार और अच्छे आचरण की बच्ची थीं। नमाज़ों की बड़ी पाबंद थीं। हमदर्द और ख़िदमत करने वाली थीं। ख़िलाफ़त से बड़ा मुहब्बत का सम्बन्ध था और मरहूमा ने माता पिता और पति के इलावा अपनी यादगार दो बेटियां नायाब और ज़रयाब छोड़ी हैं। नायाब पाँच साल की है और ज़रयाब डेढ़ साल की। लिखने वाले ने लिखा है कि मर्यम सलमान साहिबा की माता गुल मुबारक साहिबा को पिछले छ: हफ़्तों में तीन सदमे देखने पड़े अर्थात गुल मुबारक साहिबा के एक भाई फ़ौत हुए। फिर बहन पिछले महीने मई में हुईं और अब उनकी बेटी अल्लाह ताला को प्यारी हो गईं। ख़ुदा तआला उनको सब्र और हौसला प्रदान फ़रमाए।

